प्रभात वर्ष : 40 अंक 339 सीकर, मंगलवार 5 सितम्बर, 2023 सीकर-जयपुर से एक साथ प्रकाशित मूल्य 2.50 रु. पृष्ठ-आठ आर.एन.आई. 39684/83 डाक पंजी.सं. सीकर /009/2021-2023

दैनिक उद्योग आस-पास

भारत व राजस्थान सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

गुरु ब्रम्हा, गुरु विष्णु, गुरु देवो महेश्वरा
गुरु साक्षात परब्रम्ह तस्मय श्री गुरुवेनमः

डॉ. राहुल प्रजेश युवा इंजीनियर पुरस्कार 2023-24 के लिए चयनित

पिलानी। सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीरी) के सेमिकंडक्टर शोध क्षेत्र में कार्यरत युवा वैज्ञानिक डॉ. राहुल प्रजेश, प्रधान वैज्ञानिक का चयन वैज्ञानिकों एवं इंजीनियरों के प्रतिष्ठित 'आईईआई यंग इंजीनियर्स अवार्ड 2023-24' किया गया है। इस पुरस्कार के लिए डॉ. प्रजेश का चयन इंजीनियरिंग क्षेत्र के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलिकम्यूनिकेशन डिविजन के लिए किया गया है। डॉ. राहुल प्रजेश को यह पुरस्कार सुप्रसिद्ध एवं प्रतिष्ठित राष्ट्रीय संस्था इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) द्वारा राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रदान किया जाएगा। इस पुरस्कार के अंतर्गत डॉ. प्रजेश को स्मृति चिह्न स्वरूप प्लैक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। संस्थान के निदेशक डॉ. पीसी पंचारिया तथा सेमिकंडक्टर सेंसर्स एंड माइक्रोसिस्टम्स ग्रुप के प्रमुख डॉ. सुचंदन पाल सहित अन्य सहकर्मियों ने पुरस्कार जीतने पर

खुशी व्यक्त की तथा डॉ. राहुल प्रजेश को बधाई दी। गौरतलब है कि वैज्ञानिक शोध में उनके योगदान के लिए डॉ. राहुल प्रजेश को वर्ष 2021 में इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) राजस्थान द्वारा युवा शोधकर्ता सम्मान (यंग रिसर्चर अवार्ड) से भी पुरस्कृत किया जा चुका है। इस वर्ष इस श्रेणी में सीएसआईआर-सीरी के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. राहुल प्रजेश के अलावा आईआईटी-कानपुर के सहायक प्रोफेसर डॉ. तुषार बी. संधान और विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर (इसरो) की वैज्ञानिक प्रिया पी. भी युवा इंजीनियर पुरस्कार से सम्मानित किए जाएंगे।